# झारखण्ड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, राँची–834001

## प्रेस विज्ञप्ति

**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय पोलिटेक्निक/राजकीय महिला पोलिटेक्निक संस्थानों में व्याख्याता के रिक्त पदों पर नियमित एवं बैकलॉग नियुक्ति के संबंध में आवश्यक सूचना।**

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय पोलिटेक्निक/राजकीय महिला पोलिटेक्निक संस्थानों में व्याख्याता के कुल 349 रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–04/2026 एवं कुल 06 रिक्त पदों पर बैकलॉग नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–03/2026 का प्रकाशन किया गया है, जो आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी भारतीय नागरिकों से OTR के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

2. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि निम्नांकित हैः–

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि | दिनांक–20.02.2026 से दिनांक–12.03.2026 तक |
| ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | दिनांक–12.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक |
| परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि | दिनांक–14.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक |
| हार्ड–कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक–25.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक |

3. अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन तथा ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।
4. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के Help Line No.- +919431301419 अथवा +919431301636 पर कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।
5. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।